Title: Need for early completion of construction work of national highway between Dhulia and Surat in Gujarat .

श्री मानसिंह पटेल (मांडवी) : अध्यक्ष जी, धुलिया, बाजीपुर-कोडदरा-सूरत हाई-वे का निर्माण कार्य चल रहा है। इस राट्रीय राजमार्ग पर यातायात काफी ज्यादा है तथा अक्सर यह मार्ग जाम हो जाता है। इस मार्ग पर कई औद्योगिक क्षेत्र हैं तथा उत्तर भारत से दक्षिण भारत के लिए चलने वाले वाहन इसी मार्ग पर से होकर जाते हैं। व्यापार की दृटि से इस राजमार्ग का काफी महत्व है।

केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि धुलिया से सूरत के राजमार्ग के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए।